किया गया। ऊर्जा चोरी के लिए वर्ष 1987-88 के दौरान 2023 व्यक्तियों के विरुद्ध अभियोग चलाया गया। 29 प्रमुख नगरीय क्षेत्रों के लिए प्रणाली सुधार स्कीमें तैयार की गई एवं ये स्कीमें स्वीकृति, क्रियान्वयन के विभिन्न चरणों मे हैं।

शिकोहाबाद उत्तर प्रदेश स्थित गैस एजेंसी द्वारा की गई अनियमिततायें

717. **श्रीमती सत्या बहिन** : क्या **पेट्रोलियम और रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या शिकोहाबाद, उत्तर प्रदेश स्थित गैस एजेंसी के विरुद्ध जनता और संसद सदस्य से गंभीर अनियमितताओं की कोई शिकायत प्राप्त हुई हैं;

(ख) यदि हां, तो क्या उस पर कोई कार्यवाही की गई है और यदि अब तक कोई कार्यवाही नही की गई, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) उनके मंत्रालय द्वारा ऐसे कितने गैस कनेक्शन मजूर किए गए हैं जिन्हें इस एजेंसी द्वारा अब तक उपभोक्ताओं को नहीं दिया गया है; और

(घ) विलम्ब के क्या कारण हैं और इन कनेक्शनों को कब तक दे दिए जाने की संभावना है?

पेट्रोलियम और रसायन मंत्री (श्री एम. एस. गुरुपादस्वामी) : (क) और (ख) भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन को शिकोहाबाद स्थित अपने एल.पी.जी. वितरक के विरुद्ध डी.बी.सी. न देने/उपभोक्ता पुस्तिकाओं के लिए अधिक पैसे लेने/घर पर सुपुर्दगी न देने/अभद्रतापूर्ण सेवाएं देने और अनधिकृत उपभोक्ताओं को रिफिलों की डिलीवरी देने आदि के संबंध मे कुछ शिकायतें मिली हैं। उचित जांच के बाद कारपोरेशन द्वारा समय समय पर अनेक कार्रवाइयां की गई हैं जो संलग्न विवरण में बतायी गई हैं।

(ग) और (घ) अप्रैल, 1989 से फरवरी, 1990 तक की अवधि में वितरक को 350 एल पी जी कनेक्शन देने के लिए अधिकृत किया गया था जो उपभोक्ताओं को दिये जा चुके हैं।

विवरण

क्रम संख्या	महीना	प्राप्त शिकायतों की सं.	शिकायत का स्वरूप	की गई कार्रवाई
1.	अप्रैल, 1989	शून्य	—	—
2.	मई, 1989	1	डी.बी.सी. न देना	वितरक को चेतावनी दी गई और डी.बी.सी. दिया गया
3.	जून, 1989	1	उपभोक्ता पुस्तिका पर अधिक पैसा लेना	अधिक पैसे लेने के कारण वितरक को चेतावनी दी गई और उपभोक्ता को पैसे लौटाये गये।
4.	जुलाई, 1989	शून्य	—	—

1	2	3	4
5. अगस्त, 1989	शून्य	—	—
6. सितम्बर, 1989	2	घर पर सुपुर्दगी नहीं दी गई गैस कनेक्शन नये न देना	वितरक को सावधान कराया गया अगस्त, 89 से नये कनेक्शन देने पर अस्थाई तौर पर प्रतिबंध लगा हुआ था जो अभी तक जारी है।
7. अक्तूबर, 1989	शून्य	—	—
8. नवम्बर, 1989	1	असन्तोषपूर्ण सेवाएं	बी पी.सी.एल. के बिक्री अधिकारी ने शिकायतों से मुलाकात की और उसकी संतुष्टि के अनुसार समाधान खोजा गया। बिक्री अधिकारी ने वितरक को शालीन होने के लिए सावधान कराया।
9. दिसम्बर, 1989	शून्य	—	—
10. जनवरी, 1990	2	रिफिल की घर में डिलीवरी नहीं देना अनधिकृत उपभोक्ता को रिफिल देना	वितरक को सावधान कराया गया। साबित नहीं हुआ।

Production of Betamethasone **and its Salts**

718. **SHRI** DHULESHWAR MEENA: Will the Minister of PETROLEUM AND CHEMICALS be pleased to state:

(a) whether it is **a** fact that import of Betamethasone and its salts have been restricted on the recommendations of the manufacturing units;

(b) if so, what are the names of **the** parties who have sought such a restriction on imports;

(c) whether it is a fact that Betamethasone and its salts are also produced by certain companies from the intermediate stage;

(d) if so, what are the names of these compnies;

(e) what are the prices fixed for Betamethasone and its salts produced from basic stage and intermediate stage, separately;

(f) what is the quantity of Betamethasone and its salts supplied to non-associated units by Glaxo and Avik Pharma during the last three years, yearwise, along with